# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री






हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### विद्याभारती महाकौशल प्रांत की प्रांतीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ. मा. विद्यालय भैरोगंज सिवनी में दो दिवसीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य बैठक संपन्न हुई। विद्याभारती महाकौशल प्रांत की योजनानुसार महाकौशल प्रांत के 24 जिलों में संचालित सरस्वती शिशु/उ. मा. विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्यों को योजना के प्रमुख बिन्दुओं को समझाने राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति; छम्द्ध की बारिकियों से अवगत कराने के लिए उपरोक्त दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी। उपरोक्त आयोजन में लगभग 150 प्राचार्य/प्रधानाचार्यों की उपस्थिति रही। बैठक में प्रमुख रूप से जिनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उनमें विद्याभारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर, महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे, प्रांत के सचिव श्री सुधीर अग्रवाल, प्रांत प्रमुख शिवानंद सिन्हा, सह प्रांत प्रमुख हरिराम तिवारी, प्रादेशिक सह सचिव नितिन चौधरी, प्रांत अंकेक्षण प्रमुख रामबहोरी पटेल, क्षेत्रीय खेल प्रमुख भास्कर बडनेरकर, प्रांत संस्कार प्रमुख इंदल पटेल एवं आठों विभाग के विभाग समन्वयकों में की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग समन्वयकों में प्रमुख रूप से राजकुमार ठाकुर, मनोजपुरी गोस्वामी, रामशिरोमणी शर्मा, कमलेश अग्रहरि प्रमुख थे इसके अतिरिक्त प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख रविशंकर शुक्ल ने भी प्राचार्य/प्रधानाचार्यों का मार्गदर्शन किया।

जानवी नगर चूना भट्टी में मूलभूत सुविधाओं सहित 18 मांगों को लेकर अनशन प्रारंभ

# महिला मंडल की कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय महिलाएं भी बैठी अनशन पर



सिवनी। जिला मुख्यालय से बरघाट रोड पर स्थित ग्राम पंचायत पलारी के जानवी नगर चूना भट्टी में मूलभूत सुविधाओं एवं प्रधानमंत्री आवास एवं पट्टे उपलब्ध कराने, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण रोके जाने, गायों की चरोखर के लिए शासकीय भूमि आरक्षित किये जाने सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शक्ति जागृति महिला मंडल सिवनी के बेनर तले महिला मंडल की कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय महिलाएं अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठ गई है।

### सुविधा ना होने से क्षेत्रवासी थे परेशान

शक्ति जागृति मंहिला मंडल सिवनी की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पूजन शिववंशी ने बताया कि ग्राम पंचायत पलारी के जानवी नगर चूना भट्टी में प्रवेश द्वार से लेकर जानवी नगर में ममता बाई के मकान तक सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण कार्य कराये जाने, नल-जल योजना की पाईप लाईन जानवी नगर के प्रारंभ से लेकर नीलेश के मकान तक लाये जाने, पानी की टंकी का निर्माण कराये जाने, बिजली खंभे एवं स्टेट लाईट लगाये जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ एवं पट्टे प्रदान किये जाने, जानवी नगर नगर में खाली पड़ी भूमि का सीमांकन कराकर गायों के लिए चरोखर हेतु आरक्षित किये जाने एवं अतिक्रमण पर रोक लगाये जाने, हनुमान मंदिर के सामने से लेकर दिलीप डहेरिया के घर तक सीसी रोड निर्माण, बड़ी खेरमाई मंदिर, छोटी खेरमाई मंदिर जानवी नगर एवं नाग देवता मंदिर चूना भट्टी का जीर्णोद्ध किये जाने, दिव्या गार्डर निर्माण एवं तार फैसिंग कराये जाने, श्मशान घाट का निर्माण कराये जाने, कचरा फेकने के लिए नाडेम निर्माण कराये जाने सहित अन्य 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अनेको बार शासन-प्रशासन से आवेदन-निवेदन किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने से हम सभी क्षेत्रवासी परेशान है।

### मांगो को लेकर सौपा था ज्ञापन

मूलभूत सुविधाओं के आभाव में जानवी नगर के रहवासियों को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जानवी नगर के रहवासियों के द्वारा शक्ति जागृति महिला मंडल सिवनी के बेनर तले बीते 13 दिसंबर से आमरण अनशन पर बैठ गई है। अनशन पर बैठे जानवी नगर के रहवासियों एवं महिला मंडल के सदस्यों का कहना है कि जब तक मांगों को नहीं माना जाता है वे पीछे नहीं हटेंगे। मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। साथ ही उक्त मांगों के ज्ञापन की प्रतिलिपि सिवनी विधायक, जिला कलेक्टर, जल निगम के अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत के सीईओ, ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को भी प्रेषित की गई है और जल्द से जल्द उचित कार्यवाही की मांग की गई है।



# कुत्तों से डरकर पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ

### 20 फीट से लगाई छलांग और.. रोमांच से भरपूर वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जंगलों में रहने वाले वन्यजीवों का जीवन एक अलग ही ढंग से रोमांच से भर देने वाला होता है। ऐसा ही एक रोमांचित कर देने वाला नजारा मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में स्थित पेंच टाइगर रिजर्व से सामने आया है, जिसने जंगल की प्रकृति और यहां का जीवन निहारने आए पर्यटकों को हैरान कर देने वाला दृष्य दिखाकर रोमांच से भर दिया।

दरअसल, बीती शाम सफारी के दौरान जंगल के बीचों-बीच शिकारी सोन कुत्तों के झुंड से डरकर एक तेंदुआ पेड़ पर चढक़र जा बैठा। वहीं, नीचे करीब आधा दर्जन की संख्या में शिकारी सोन कुत्ते उसकी हर हरकत पर नजर टिकाकर पेड़ से उतरने या गिरने का इंतज़ार कर रहे थे। नीचे खड़े शिकारी बार-बार पेड़ के तने पर चढऩे का प्रयास कर रहे थे, ताकि तेंदुआ किसी तरह घबराकर नीचे आ गिरे और वो उसपर हमला कर सकें। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जो जंगल सफारी पर आए पर्यटक ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया।

# ट्रक-कार की भिंड़त में एक की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी के बरघाट थाना क्षेत्र में बेहरई गांव के पास एक ट्रक और कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घटना रविवार देर रात की है।

### बालाघाट से शादी में शामिल होने बरघाट आ रहे थे

जानकारी के अनुसार, बालाघाट से पांच लोग एक कार में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने बरघाट आ रहे थे। वहीं, एक ट्रक बालाघाट की ओर जा रहा था। बेहरई गांव के पास पहुंचने पर दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

इस हादसे में इरशाद पिता फुललू खान (40) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायलों में जुबेर शेख पिता जमीर शेख (30), तौफीक खान पिता जमीर खान (29), सौरभ पांडे पिता सेवक राम पांडे (30) और फैज खान पिता शाहिद खान (22) शामिल हैं। सभी घायल बालाघाट के निवासी बताए गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरघाट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और चारों घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।

बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश बेस ने बताया कि बेहरई के पास



फॉरेस्ट डिपो के पास कार क्रमांक एमपी 50 जेटएफ 7928 और ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी5338 के बीच आमने-सामने की टक्कर की सूचना मिली थी। उन्होंने पुष्टि की कि इस दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है और चार लोग घायल हुए हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार, मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

सिवनी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शख्स की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात सिवनी रेलवे स्टेशन से नागपुर की ओर रेलवे क्रॉसिंग के पास कुचबुंदिया मोहल्ले के पीछे हुई।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति रेलवे पटरियों पर चल रहा था। आशंका है कि उसे पीछे से आ रही ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी, जिसके कारण वह उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पुलिस ने मृतक का हुलिया जारी किया है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है, रंग गोरा और बाल घुंघराले हैं। उसने काली जैकेट के अंदर काले रंग की शर्ट पहनी थी जिस पर महाकाल का चित्र बना है। ग्रे कलर का लोअर जिस पर नाइक लिखा है और फटे हुए काले जूते भी पहने थे। उसके दाहिने हाथ पर हनुमान जी का टैटू बना है।

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि उन्हें ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने पुष्टि की कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# साड़देव मेला में उत्पाद मचाने वाले को आदेगांव पुलिस ने पहुंचाया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आदेगांव पुलिस द्वारा साड़देव मेला में दिनांक 14.12.2025 को उत्पात करने वाले अनावेदको को धारा 170 **BNSS** के तहत भेजा गया जेल । पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के कुशल नेतृत्व में पुलिस स्टाफ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे चल रहे मेला मढई मे कानून व्यवस्था निदेशों के पालन में।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 14/12/25 की शाम मेले में कुछ व्यक्तियो द्वारा दुकान लगाने की बात को लेकर वाद विवाद झूमाझटकी की गई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जो थाना आदेगांव पुलिस द्वारा उक्त वीडियो को संज्ञान में लेकर उपद्री व्यक्तियो की पहचान कर मौके से मामले की गंभीरता से जांच करने उपरांत अनावेदकगण (1) छोटल उर्फ प्रहलाद पिता चतुर्भुज जोगी उम्र 48 साल निवासी इन्द्रा आवास कालोनी आदेगांव (2) राहुल जोगी पिता प्रहलाद उर्फ छोटल जोगी उम्र 22 साल निवासी इन्द्रा आवास कालोनी आदेगांव (3) रोहित पित्ता प्रहलाद उर्फ छोटल जोगी उम्र 25 साल निवासी इन्द्रा आवास कालोनी आदेगांव थाना आदेगांव तीनो के विरूध्द धारा 170 **BNSS** के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायायल पेश करने उपरांत लखनादौन जेल दाखिल किया गया है। साडदेव मेले में पुलिस व्यवस्था बनाये हुए है यदि अन्य कोई भी व्यक्ति साडदेव मेला में शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूध्द आये तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सराहनीय कार्य थाना प्रभारी उनि. आशीष धुर्वे सउनि. मनोज परतेती, प्रआर. अमर उईके, प्रआर. शोएब खान, आर. सरवन मरकाम, आर. धर्मेन्द्र सरयाम टीम की महत्वपूर्ण सराहनीय भूमिका रही है।



# संत रविदास समाज संगठन जिला सिवनी का हुआ गठन

**लखनादौन** समृद्धि बुद्ध विहार में जिला स्तर की सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय सामाजिक संगठन का चयन किया जाना प्रस्तावित था बैठक में समस्त ब्लॉकों से बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया सर्वप्रथम समस्त कार्यकर्ताओं ने भगवान तथागत गौतम बुद्ध एवं परम पूज्य बोधिसत्व बाबा साहब अंबेडकर संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के छायाचित्र तथा भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए उसके पश्चात कार्यक्रम के अतिथि सिवनी समाज के प्रमुख रूपचंद चौधरी, नरेश मंगोरे, पी पी टीटारे बसोरी लाल अहिरवार जी सूरज मंगोरे सिवनी धनौरा से झाड़ू लाल अहिरवार, लखनादौन से त्रिलोक सवैया, केवलारी से बसंत चौधरी , धूमा से डोमन लाल अहिरवार, छपारा से एडवोकेट लक्ष्मण अहिरवार,आप सभी का स्वागत समाजसेवी कांशीराम बिहुनिया एवं एडवोकेट नरेंद्र अहिरवार जी के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



सिवनी जिला से पहुंचे सभी अतिथियों ने समाज में भाईचारा एवं एक जुटता बनाए रखने की अपील की। इसके पश्चात सभी लोग सामूहिक रूप से एक बैठक हुई और रविदास समाज संगठन का नाम तय किया गया। समाज के द्वारा संगठन का नाम प्रस्तावित किया गया जिसमें विभिन्न नाम पर चर्चा उपरांत संत रविदास समाज संगठन का नाम चयन किया गया संगठन का जिला अध्यक्ष कौन हो जिसके लिए चर्चा की गई और समाज के लोगों ने संगठन के अध्यक्ष के लिए 8 नाम प्रस्तावित किए जिस पर अन्य 7 लोगों अपने नाम स्वेच्छा से वापस लिए और एडवोकेट जुगल किशोर नंदौरे, के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की।

**संगठन का गठन इस तरह हुआः** सर्वश्री एडवोकेट जुगल किशोर नंदौरे जिला अध्यक्ष सिवनी जिला सिवनी के आठ ब्लाकों से 8 जिला उपाध्यक्ष बनाए गए केवलारी से बसंत चौधरी जिला उपाध्यक्ष संत रविदास समाज संगठन सिवनी छपारा से एडवोकेट लक्ष्मण अहिरवार जिला उपाध्यक्ष सिवनी लखनादौन से चेतराम बकोड़े जिला उपाध्यक्ष सिवनी धनोरा से झाड़ू लाल अहिरवार जिला उपाध्यक्ष सिवनी सिवनी से नरेंश मंगोरे जिला उपाध्यक्ष सिवनी घंसौर से कोदू लाल अहिरवार जिला उपाध्यक्ष सिवनी जिला कोषाध्यक्ष अशोक बकोड़े संत रविदास समाज संगठन जिला सिवनी जिला सचिव पी पी टीटारे जिला सचिव संत रविदास समाज संगठन जिला सिवनी चायनित संगठन जिसका कार्यकाल 2 साल का रहेगा और यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन के विस्तार हेतु ब्लॉक स्तर में भी संगठन तैयार किया जाएगा और जिला स्तर महिलाओं का संगठन बनाया जाएगा जिला कोषाध्यक्ष अशोक बकोड़े, ने आज घोषणा किया की रविदास मंदिर निर्माण के लिए रविदास जी की मूर्ति रहेगी उस मूर्ति के लिए उन्होंने एक लाख एक रुपए की राशि देने की घोषणा की संगठन में आदेगांव से सुमरन अहिरवार, मस्तराम अहिरवार, एडवोकेट मदन अहिरवार, को भी संगठन की जवाबदारी दी गई।

# सिवनी पहुंचा दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग, दर्शन करने के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे

दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग आज रविवार को सिवनी नगर की सीमावर्ती गांव नंदोरा पहुंचा। जिसके दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग देर रात तक पहुंचे। यह शिव लिंग सोमवार कि प्रातःकाल 4 बजे अपने गंतव्य के लिए निकला विशालकाय शिवलिंग में 1008 छोटे शिवलिंग भी बनाए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दर्शन करने पहुंचे पीजी कॉलेज सिवनी के प्रोफेसर के के बरमैया, खैरी टेक निवासी रमेश मिश्रा, विशाल मिश्रा ने बताया कि इस तरह के शिवलिंग बहुत पवित्र माने जाते हैं। यह शिवलिंग 210000 किलो वजनी है और एक ही पत्थर से गड़ा गया है। दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग तमिलनाडु से पटना ले जाया जा रहा है। आलोक सिंह ने बताया कि 33 फीट ऊंचा अर्थात तीन मंच तीन मंजिल ऊंचाई वाले शिवलिंग को बड़े ही सावधानी से लगभग 106 चक्का वाले ट्रक से ले जाया जा रहा है।

विश्व का सबसे ऊंचा शिवलिंग 2 लाख 10 हजार किलो वजनी है और एक ही पत्थर से गढ़ा गया है। दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग तमिलनाडु से 2316 किलोमीटर बिहार के जानकीनगर में 106 चक्के वाले विशेष ट्रक से लाया जा रहा है। तमिलनाडु के महाबलीपुरम





जिले से ये 33 फीट ऊंचा यानी करीब तीन मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा शिवलिंग तैयार किया है, जो 2300 किलोमीटर दूर बिहार के चंपारण जिले में लाया जा रहा है। चंपारण में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर में ये शिवलिंग स्थापित किया जाएगा।

**विराट रामायण मंदिर की शोभा बनेगाः** ये मंदिर रामायण काल की पूरी कहानी को दिखाएगा। ग्रेनाइट पत्थर से बना ये शिवलिंग दुनिया में किसी एक पत्थर को काटकर बनाया गया एकमात्र शिवलिंग है। इस विशालकाय शिवलिंग को मंत्रोच्चार के बीच ट्रक ट्रॉलर के जरिये बिहार रवाना किया गया है। ये तमिलनाडु से आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा के रास्ते से गुजरते हुए बिहार पहुंचेगा। इस शिवलिंग के लिए रास्ते में कई सडक़ों का चौड़ीकरण किया गया है। पुलों को मजबूत किया गया है, ताकि ये बोझ सह सकें।

### नौ कुंडिय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए केवलारी विधायक रजनीश सिंह

छपारा,,, छपारा नगर के गोल्डन टेंपल परिसर बेनगंगा तट में चल रही नो कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं पवन प्रज्ञा पुराण कथा के तृतीय दिवस केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह एवं गुलाब साहू जयदीप सिंह,नवनीत सिंह ठाकुर जितेंद्र सिंह राजपूत सोनू साहू एवं छपारा नगर श्रद्धालु भक्तों ने आज प्रातः 8ः बजे से 11 तक हो रहे गायत्री महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया, हम आपको बता दें कि दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन हरिद्वार से पधारे विद्वानों के द्वारा बड़े ही सुंदर ढंग से भक्तों को बतलाया जा रहा है, और उतने ही सुंदर ढंग से श्रोता गण शांति पूर्वक कथा का श्रवण कर रहे हैं। गायत्री परिवार छपारा ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि नौ कुंडिय गायत्री यज्ञ में सम्मिलित होकर के कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाए । आज एकादशी होने के कारण सभी भक्तों ने मिलकर के मां वैनगंगा की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया



# पेंच स्थित विभिन्न रिसोर्टों का खाद्य एवं सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों ने किया निरीक्षण, लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नमूना लेने की करवाई सतत जारी है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इसी कड़ी में विगत दिवस पेंच स्थित बाघ विला रिसोर्ट से पनीर, आरण्यनी होटल एंड इवेंट प्राइवेट लिमिटेड रिसोर्ट से पनीर एवं इमली का नमूना, तुली टाइगर कॉरिडोर रिसोर्ट से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर का नमूना, इन्फिनिटी रिसोर्ट से मूंग दाल एवं मूंगफली दाना का



नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री को अस्वस्थ परिस्थितियों में रखने, किचन में साफ -सफाई की कमी पाए जाने को लेकर खाद्य सुरक्षा मानव अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्माण एवं भंडारण करने के निर्देश दिए गए।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच करने की कार्रवाई आगे भी सतत जारी रहेगी।आरण्यनी होटल रिसोर्ट का लाइसेंस सुधार सूचना पत्र का जवाब न देने के कारण निलंबित किया गया, पेंच इन्फिनिटी रिसोर्ट को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की शर्तो का पालन न करने के कारण सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया स्वेटर वितरण

# छोटा सा प्रयास केवल कपड़ों का दान नहीं यह मानवता का संदेश है- दिनेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। आज दोपहर 12 बजे से नगर के भैरोगंज चौक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मे आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। जहां पर समाजसेवी श्री शंकर माखीजा सुनील साहू भाजपा नगर उपाध्यक्ष एवं साथियों द्वारा प्रदत्त 141 स्वेटरों का वितरण आपके करकमलों से किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने संबोधन मे कहा कि आज बच्चों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर आप सभी के बीच आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हम सब यहां एक बहुत ही महत्वपूर्ण और मानवीय कार्य



के लिए एकत्रित हुए हैं। ठंड का मौसम आ चुका है। जिसमें समाज के कमजोर और निर्धन वर्ग के लोगों को कठिनाइयाँ होती है। ऐसे लोग, जिसमें विशेषकर हमारे बच्चे, जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं होते यह स्वेटर वितरण का छोटा सा प्रयास केवल कपड़ों का दान नहीं है। यह मानवता का संदेश है, यह आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को दर्शाता है। एक स्वेटर किसी को ठंड से बचाकर एक नई उम्मीद दे सकता है। यह उस व्यक्ति को यह एहसास कराता है कि समाज में ऐसे लोग हैं जो उनकी परवाह करते हैं और उनके साथ खड़े हैं। विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने आगे कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारी खुशियाँ तब तक अधूरी हैं, जब तक हम अपने आस-पास के उन लोगों के दुख-दर्द को कम करने का प्रयास नहीं करते, जो मुश्किल में हैं। आज का यह कार्यक्रम हमें सिखाता है कि हमें अपने संसाधनों का कुछ हिस्सा उन लोगों के लिए समर्पित करना चाहिए जिन्हें इसकी वास्तव में आवश्यकता है। मेरा मानना है कि इस प्रकार के कार्य हमें एक मजबूत, संवेदनशील और एकजुट समाज बनाने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बालिकाओं ने मारी बाजी

छपारा। प्रतिवर्षानुसार स्पोट्र्स कराते डेवलपमेंट सिवनी के तत्वाधान में स्थानीय संदीपन विद्यालय परिसर में आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से लगभग 100 खिलाडियों ने भाग लिया कार्यक्रम के शुभारंभ में मंडी इंस्पेक्टर जबरे जी महेश पाटर जी बृजेश घारू अभिभावकों व रेफरीयो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

स्पर्धा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना प्राप्त कर रहे हैं छात्राओं द्वारा बाढ़ चलकर हिस्सा लिया गया और खिलाडियों ने पदक प्राप्त किया रेफरी ऑफिशियल में सिंहा बृजेश गुरु जी नरसिंहपुर आदित्य धुर्वे दिशा यादव मंडला विनोद चौधरी रायसेन गीतेश प्रजापति सिवनी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अहम भूमिका रही प्रतियोगिता में काता 11-12 वर्ष आयु बालिका वर्ग में अंकिता प्रथम स्थान श्रुति पंद्रे द्वितीय स्थान दीपेश्वरी मरकाम तृतीय स्थान 11 से 13 आयु वर्ग में दिव्या परते प्रथम स्थान निकिता उनके द्वितीय स्थान अंकित तृतीय स्थान 14 15 आयु वर्ग में प्रतिमा कुर्वेती प्रथम स्थान उमा कुलस्ते द्वितीय स्थान खुशबू मरावी तृतीय स्थान 13 वर्ष आयु वर्ग में मुस्कान अहिरवार प्रथम स्थान अनुश्री सलाम प्रथम स्थान रिया यादव द्वितीय स्थान माही पाटर तृतीय स्थान 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में रोजी खान प्रथम स्थान माही राजपूत द्वितीय स्थान गरिमा यादव तृतीय स्थान बालक वर्ग में समर्थ राजपूत प्रथम स्थान राजा रावन द्वितीय स्थान शुभम द्विवेदी तृतीय स्थान दक्ष पाटर प्रथम स्थान मुनेश प्रजापति द्वितीय स्थान चीनमय जुम्हारे प्रथम स्थान सीनियर गर्ल्स काता इवेंट में भाग्यश्री सलाम प्रथम स्थान अक्षरा बर्मन द्वितीय स्थान शिवानी पटेल तृतीय स्थान कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि राकेश पाल, नवनीत सिंह , जितेंद्र सिंह राजपूत सुरजित सिंह , पंकज ज्वेलदेव नीरज दुबे विशाल ठाकुर मीडिया टीम में प्रदीप श्रीवास्तव , गजेंद्र सिंह ,हाशिम खान , रफीक खान , महेश पाटर ने खिलाडियों के उत्साह वर्धन हेतु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया एवं अभिभावक को प्रतियोगिता में भी विशेष योगदान रहा स्पोट्र्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी के जिला प्रमुख नारायण सिंह प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

### टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिये आदेश

# शासकीय स्कूलों में शिक्षकों को लगानी होगी दो बार ई-अटेंडेंस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शिक्षा व्यवस्था में सुधार और शिक्षकों की उपस्थिति तय करने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना ने निर्देश जारी किए हैं। अब जिले के सभी शिक्षकों को स्कूल में आने और जाने के समय अनिवार्य रूप से मोबाइल ऐप के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक अटेंडेंस (ई-हाजिरी) दर्ज करनी होगी। इस नियम का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

नए निर्देशों के अनुसार, शिक्षकों के लिए स्कूल पहुंचने पर ऐप में ई-अटेंडेंस दर्ज करना और स्कूल से निकलते समय भी ऐप पर एंट्री करना अनिवार्य कर दिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि यदि कोई शिक्षक स्कूल से निकलने की एंट्री ऐप पर दर्ज नहीं करता है, तो उसका आधा दिन का वेतन काट लिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी को यह तय करने के लिए कहा गया है कि शिक्षक केवल अपनी पदस्थापना वाली शाला से ही अटेंडेंस लगाएं।

कलेक्टर मृणाल मीना ने ये निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टाइम लिमिट (टीएल) बैठक के दौरान दिए। उन्होंने अन्य विभागों के कामकाज की भी समीक्षा की और दिशा-निर्देश जारी किए।

वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी को विभिन्न संस्थाओं के बिलों में जीएसटी से जुड़ी गड़बड़ी की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सेतु संभाग के अधिकारियों को वैनगंगा नदी पर बन रहे जागपुर घाट पुल और चंदन नदी पर बन रहे पुल का काम जल्द पूरा करने को कहा गया।

कलेक्टर ने जागपुर घाट पुल के धीमे निर्माण पर नाराजगी जताई। ठेकेदार के काम में स्पीड न लाने के कारण उसका टेंडर निरस्त करके नए सिरे से टेंडर जारी करने की कार्रवाई की गई है।

जल संसाधन विभाग को सातनारी जलाशय के निर्माण कार्य में तेजी लाने और इसे तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसानों को जल्द से जल्द सिंचाई का लाभ मिल सके।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

### खापा कैप में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और रात्रि में लाईट की व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 15 दिसंबर की रात्रि में वारासिवनी तहसील के अंतर्गत खापा कैप एवं उसमें बनाए गए धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने खापा कैप में धान लेकर आने वाले ट्रकों के चालकों से चर्चा की और ट्रैकों को खाली कराने में लगने वाले समय के बारे में जानकारी की। इस दौरान उन्होंने ट्रांसपोर्टरों से ट्रैकों की अनलोडिंग के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने सख्त निर्देश दिए कि धान के परिवहन और गोदाम में अनलोडिंग के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

खापा कैप में सेवा सहकारी समिति सावंगी का धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए की किसी भी केंद्र में 5 से अधिक तौल कांटे नहीं होने चाहिए और धान एफएक्यू क्वालिटी की ही होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने खापा कैप और खरीदी केंद्र में रात्रि के समय प्रकाश की व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए और वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी व्यक्ति धान के चोरी ना कर सके। इसके साथ ही उन्होंने खरीदी केंद्रो में सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढाने तथा धान की अनलोडिंग की व्यवस्था को और भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, जिला खाद आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ अभिनव सिंह बघेल, श्री पी जोशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

खापा कैप में लगभग 40 धान खरीदी केन्द्रों की धान का भंडारण किया जा रहा है और हर दिन लगभग 150 से 200 ट्रक धान लेकर इस कैंप में आ रहे हैं। खापा कैप में सेवा सहकारी समिति सावंगी का खरीदी केंद्र भी बनाया गया है, जिसमें लगभग 08 ग्रामों के किसान धान बेचने ला रहे हैं।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना 15 दिसंबर को वारासिवनी तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति जागपुर और कायदी के सिद्धार्थ वेयरहाउस, डोंगरिया में स्थापित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। किसानों ने संतोष व्यक्त किया कि धान बेचने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हो रही है और तीन दिनों के भीतर भुगतान भी समय पर मिल रहा है।

इस अवसर पर कलेक्टर ने किसानों को धान बिक्री की सही प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान अपनी धान को अच्छी तरह साफ और सुखाकर ही केंद्रों पर लाएँ, क्योंकि केवल शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता की धान ही खरीदी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपना बैंक खाता और मोबाइल नंबर आधार से लिंक करने के बाद ही स्लॉट बुकिंग करें। धान तौलने के बाद तौल पर्ची और उपार्जन पोर्टल की पावती अवश्य प्राप्त करें, ताकि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित हो।

# मोहझरी के ग्रामीणों ने रैली निकालकर ग्राम पंचायत में एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

तहसील लांजी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहझरी समेत सैकड़ों ग्रामीणों पुरुषों व महिलाओ, युवाओं ने रैली निकाल कर एसडीएम के नाम ग्राम पंचायत मोहझरी पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से राहत दिलाने के लिए इन बंदरों को पकड़वाने की मांग की।मोहझरी में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान एसडीएम से शिकायत कर बंदर को पकड़वाने की लगाई गुहार

समेत दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्रीति सिंह को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से राहत दिलाने के लिए इन बंदरों को पकड़वाने की मांग की। मोहझरी के वार्ड 6 निवासी शारदा पति लक्ष्मण भगत के साथ घटना घटित हुई शारदा भगत ने जानकारी में बताया कि अपने घर की छत पर बैठकर बाल संवार रही थी तभी अचानक छत पर बंदर आ गया घबराकर वह सीढ़ी की ओर दौड़ी, इसी दौरान बंदर ने उन पर हमला कर दिया इस घटना ने महिला को गंभीर चोटे आई एवं घुटनों में गंभीर चोटे आई है, तथा शरीर के अन्य हिस्से में भी खरोच आई है घटना के समय महिला घर पर अकेली थी जबकि उसके पति रोजगार के सिलसिले में बाहर गए हुए थे शोर सुनकर पड़ोसी दयाराम भगत मौके पर पहुंचे और महिला की सहायता कर डॉक्टर के पास इलाज के लिए गए।

ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के उत्पात ने उनकी जिंदगी दूभर कर दी है। ये बंदर न केवल घरों में घुसकर सामान नष्ट कर रहे हैं, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी खतरनाक बन गए हैं। बंदर छोटे बच्चों के हाथ से खाने-पीने की चीजें छीनकर भागते हैं, जिससे बच्चे अक्सर चोटिल हो जाते हैं।

वहीं, ग्रामीण सुरेश कुमार भगत ने बताया, ₹बंदर घरों के अंदर घुसकर खाने-पीने की चीजें बर्बाद कर देते हैं। इनके डर से महिलाएं और बच्चे भी सुरक्षित महसूस नहीं करते। इन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए।₹ वहीं, ग्रामीण मायाराम/टीकाराम भगत ने कहा, ₹बंदरों के उत्पात से पूरा गांव परेशान है। बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी इनसे भयभीत रहते हैं। खाने-पीने की चीजें छीनने के दौरान कई बच्चे चोटिल हो चुके हैं।₹ ग्रामीणों में सरपंच श्रीमती मनीषा/संतोष नागतोड़े,उप सरपंच रीता रावते , ग्राम पंचायत सचिव समेत दर्जनों लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र समाधान की मांग की।

### अपने सत्तर बरस के छात्रों को फिर एकबार देख बेहद खुशी हो रही

# यह मिलन समारोह सबके लिए प्रेरणादायक-ज्योतिषी

### पचास साल पहले बालाघाट में पढ़े छात्र फिर मिले आज



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** इतने वर्षों बाद अपने छात्रों को यहाँ एक साथ देख कर अत्यंत प्रसन्न हूं । आप सबने शानदार जीवन जीया है और खुशी की बात कि अपनी स्कूल और गुरुजनों को दिल में बसाए हुए हो। यह बाकी सबके लिए प्रेरणादायक भी है।

बाल सखा स्वर्ण जयंती मिलन समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक आर.के.ज्योतिषी ने मुख्य अतिथि की आसंदी से उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने आशीर्वाद देते हुए कहा कि एक शिक्षक के लिए यह गौरव का भी क्षण है जब वह अपने छात्रों को इस तरह उपलब्धियां प्राप्त करते देखता है । श्याम बिहारी वर्मा उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय के 1973-74 सत्र के छात्रों का यह मिलन समारोह यहां आयोजित किया गया। इसमें अपने छात्रों को देखकर तीनों ही गुरु बेहद प्रसन्न हो रहे थे। ज्योतिषी सर ने कहा कि हमें कई बार सम्मान के लिए बुलाते है,हम जाते भी है पर यह आयोजन उन सबसे हटकर है।

हिंदी के शिक्षक रहे टी.एन. मिश्रा ने कहा कि यह देख कर बहुत खुशी हो रही है कि उस समय जो संज्ञा सर्वनाम सिखाए और मात्राएँ सुधारी वह सब तुमने जीवन में उतार लिए और अपने जीवन की भाषा इसीलिए कितने अच्छे से गढ़ पाए तुम सब। एक शिक्षक के लिए इससे अधिक सुकून की बात और कोई हो ही नहीं सकती। साथ ही एस.के. ज्योतिषी सर ने कहा कि यह छात्र मिलन समारोह दर्शाता है कि आप सबने अपनी स्कूल से कितना कुछ हासिल किया। शिक्षक को अपने शिष्यों को इस तरह समाज और देश की सेवा करते हुए देख कर बेहद खुशी होती है। पचास वर्ष बाद अपने छात्रों की यूँ एकसाथ देखना ह्रदय को प्रसन्नता दे रहा। तीनों ही गुरुजनों ने आशीर्वाद देते हुए इसी तरह सेवा में जुटे रहने की प्रेरणा दी।

इस मिलन समारोह में बालाघाट से पचास बरस पहले पढ़ कर गए अनेक छात्र मुंबई, भोपाल,दिल्ली, बिलासपुर, रायपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर में बस गए हैं। वे सब करीब पचास सहपाठी आज यहां आए। साथ ही बालाघाट में रह रहे साथी शामिल हुए। ये सब छात्र करीब सत्तर वर्ष के हो रहे हैं पर आज इनमे उसी समय सा उत्साह था, जैसे सबका बचपन लौट आया हो।

कार्यक्रम का प्रारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत के सामूहिक गान के साथ हुआ। तत्पश्चात गुरुजनों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिश्रा सर ने की। स्कूल के वर्तमान प्राचार्य शरद ज्योतिषी, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी.एम. शरणागत, शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य डॉ. सतीश चीले,अभियंता संघ के नेता रहे हरिशंकर खरे, भाजपा नेता अभय सेठिया और पत्रकार नथमल शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इन सभी ने अपने संबोधन में स्कूल के दिनों को याद किया और कहा कि वे आज जो कुछ भी बन पाए हैं वो अपने इन गुरुजनों की शिक्षा संस्कार के कारण ही बन पाए हैं। प्रारंभ में इस आयोजन की शुरुआत कैसे हुई इसकी जानकारी हरिशंकर खरे और स्वतंत्र श्रीवास्तव ने दी। इस मिलन माला को सूत्र में पिरोने का काम नारायण, उत्तम, शेखर जैसे मित्रों ने किया। संचालन नथमल शर्मा ने और आभार प्रदर्शन अभय सेठिया ने किया।

# कलेक्टर ने किया रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण

### पेंटिंग, साफ सफाई व विद्युत व्यवस्था ठीक करने के दिए निर्देश



**वारासिवनी।** कलेक्टर मृणाल मीणा द्वारा सोमवार की शाम को नगर के वार्ड नम्बर 5 में बनाए गए रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे में रखे गए रजिस्टर का निरीक्षण करने के साथ ही उसमें की गई एंट्री के बारे में चर्चा की। रैन बसेरे की व्यवस्थाओं के बारे में उन्होंने नगरपालिका सीएमओ सूर्य प्रकाश उके से विभिन्न सवाल भी किए। उसके बाद उन्होंने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश देते हुए सामुदायिक भवन में पेंटिंग, सफाई, विद्युत व्यवस्था को ठीक करने के लिए कहा। उन्होंने सामुदायिक भवन के सामने के हिस्से में फेंसिंग करवाने के निर्देश भी दिए। जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा वहॉ पर उपद्रव या अन्य गतिविधियों को अंजाम नहीं दिया जा सके। रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान सामुदायिक भवन के सामने कंडे रखे हुए देखकर उन्होंने थोड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें वहॉ से हटाने और साफ सफाई की व्यवस्था को सुधारने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि नगर में विभिन्न स्थानों में सोने वाले बेघर लोगों को आसरा देने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर नगरपालिका परिषद वारासिवनी ने नगर के वार्ड नम्बर 5 में स्थित सामुदायिक भवन को रैन बसेरे का रुप दिया है। जहॉ पर बेघर बार लोगों को ठंड से बचाने के लिए रहने की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। अब तक लगभग 4-5 लोग की विभिन्न खुले स्थानों पर सोते हुए पाए गए है। जिन्हें नगरपालिका के कर्मचारियों व पूर्व पार्षद विवेक विक्की एड़े द्वारा रैन बसेरे तक पहुॅचाने का कार्य किया गया है।

# कार्रवाई -बोपली से बाइक चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

गत दिवस सिवनी रोड़ से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया है। आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म करना कबूल कर लिया हैं। सोमवार की दोपहर 01 बजे पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी रोड़ वार्ड क्रमांक निवासी हर्ष पिता शंकरलाल उत्तमानी की सीडी डिलक्स बाइक 10 दिसंबर की रात्रि 10 से 11 बजे के बीच अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। 11 दिसंबर की शाम 06 बजे थाने में बाइक चोरी की रपट दर्ज करवाई गई। जिसके बाद पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू की और करीब दर्जन भर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें एक संदेही बाइक के साथ देखा गया। पुलिस ने जब संदेही की पहचान करते हुए बोपली गांव पहुंची तो यहां आरोपी योगेश उर्फ बबलू राहंगडाले ने बाइक चोरी करना और छिपाना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबृद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2) की कार्रवाई की। इस पूरे मामले का खुलासा करने में थाना प्रभारी धमेन्द्र कुमराम, प्रधान आरक्षक शिशुपाल बघेल, तोषेन्द्र हरिनखेड़े, विमलेश सिसोदिया, नीरज सनोडिया, सुमित दांगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दी गई उच्च शिक्षा की जानकारी



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय महाविद्यालय हट्टा द्वारा कॉलेज चलो अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यालय स्तर के 12 वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा महाविद्यालयीन शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करना रहा।अभियान के अंतर्गत 10 दिसंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा एवं 11 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा में महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों से संवाद किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न विषयों के चयन, अध्ययन की संभावनाओं, शासन की योजनाओं तथा छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।महाविद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि उच्च शिक्षा उनके व्यक्तित्व विकास, रोजगार के अवसरों तथा भविष्य निर्माण में किस प्रकार सहायक सिद्ध हो सकती है। विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासाओं को रखते हुए प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक समाधान किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कॉलेज चलो अभियान से विद्यार्थियों में महाविद्यालयीन शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिली।

### सेवानिवृत्त हुए खंड शिक्षा अधिकारी बी.आर.राम को दि भावभीन विदाई

# मायल सांस्कृतिक भवन में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील मुख्यालय में 15 दिसंबर सोमवार को शिक्षा विभाग के द्वारा मायल सांस्कृतिक भवन में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त हुए खंड शिक्षा अधिकारी बी.आर.राम को भावभीन बिदाई दि गई । इस अवसर पर उन्हें श्रीफल व स्याल सहित अनेक उपहार भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा परिवार के पदाधिकारीयो के द्वारा सेवानिवृत्त हुए खंड शिक्षा अधिकारी बी.आर.राम के साथ किए हुए विभागी कार्यो के दौरान उनके अनुभवो को साजा किया गया।उनकी कार्य करने की सकारात्मक शैली,गम्भीरतापूर्वक विभागी कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करना , उनकी निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह करना सहित अनेक प्रेरणादायक उनके विचारो को स्मरण करते हुए उनकी सहारना की गई। साथ ही उन्हें सम्मानित करने हुए उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घायु की कामना की गई। इस बिदाई समारोह में प्रमुख रूप से शिक्षा समिती के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार, जिला पंचायत प्रकाश ऊके, खैरलांजी तहसीलदार छवि पंत, बीआरसी शंकर लाल भगत, सांदीपनि सी.एम.राईज शा.उ.मा.विद्यालय खैरलाजी प्राचार्य शैलेंद्र साहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर. पी.मर्सकोले, बीएससी अनिल माहुले, राजकुमार मेश्राम, सालेबर्डी स्कूल प्राचार्य महेंद्र वासनिक, छतेरा स्कूल प्राचार्य पी.आर.भौरगढे ,आरंभा स्कूल प्राचार्य शेरसिंह परते, मिरगपुर स्कूल प्राचार्य एस.आर.बिसेन, कोथुरना स्कूल प्राचार्य प्रमोद पारधी, घुबडगोंद प्राचार्य धनेन्द्र बघेले ,घोटी स्कूल प्राचार्य अमरलाल अटराहे, मप्र शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष दामेंद्र मंदरेले, अमई स्कूल प्राचार्य योगराज साकरे, मोवाड स्कूल प्राचार्य विजय साटोने,बकोडी स्कूल प्राचार्य अरविंद यादव, पूर्व लेखापाल पी.के. व्यास, कटोरी स्कूल प्राचार्य संदीप क्षीरसागर प्राचार्य ,संजय मेश्राम,भरत लिल्हारे, दिलीप बारेवार ,शुक्ला सर ,किरण रंगारी सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य स्कूल के प्राचार्य मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन कार्यों का पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री ने किया निरीक्षण

### ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल से संबंधित सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 दिसंबर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी. एल. उईके, एसडीओ बालाघाट एवं उपयंत्री परसवाड़ा द्वारा ट्रायल एंड रन योजना के अंतर्गत ग्राम घोड़ादेही, परसवाड़ा, दलवाड़ा एवं पोण्डी में जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों एवं जल प्रदाय व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पाइपलाइन बिछाने, घरेलू नल कनेक्शनों तथा नियमित पेयजल आपूर्ति की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं ग्रामीणों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कर्मचारियों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ बालाघाट ने ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल से संबंधित समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक घर तक नियमित, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर निगरानी एवं नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं, ताकि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो सकें।



